17- korba-Bhoomi pg-1-JACKET_Layout 1 4/17/2025 8:21 PM Page 1


# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]




## खबर संक्षेप



### अखिल भारतीय हिंदू महासभा का संभाग स्तरीय प्रथम सम्मेलन

**कोरबा।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा का छत्तीसगढ़ स्तरीय सम्मेलन ज़िले में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में संगठनात्मक विस्तार एवं हिंदू समाज की भावनाओं को संगठित करने हेतु कई अहम निर्णय लिए गए। राहुल गुप्ता को ज़िलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही विकास बंसल, जो शोभा देवी को ज़िला गौरक्षा प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर अन्य पदाधिकारियों में रितिक वानखेड़े महामंत्री, सत्या जयसवाल ज़िला प्रभारी कोरबा, नरेंद्र जयसवाल मीडिया प्रभारी, नीतीश यादव ज़िला प्रचारक, तथा प्रभात साहू ज़िला कोषाध्यक्ष को नियुक्त किया गया। सभी को संगठन द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, कमलेश यादव, संभाग अध्यक्ष बिलासपुर निखिल अग्रवाल, तथा सक्ती ज़िला अध्यक्ष फूलचंद डनसेना उपस्थित रहे।

### स्टार अवार्ड से सम्मानित किए गए लायन डा. शर्मा



**कोरबा।** विश्व की अग्रणी समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डिसट्रिक्ट 3233 सी के सत्र 2024-25 की डिसट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस आनंदम का आयोजन 13 अप्रैल को लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिसट्रिक्ट 3233 सी वर्ष 2024-25 के गवर्नर लायन सुधीर जैन की अध्यक्षता में होटल रॉयल ऑर्बिट जबलपुर में सम्पन्न हुआ। जिसमें लायंस क्लब गवर्नर लायन सुधीर जैन ने लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिये उन्हें स्टार अवार्ड से सम्मानित किया। साथ ही उनके होम क्लब लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं क्लब अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल को भी स्टार अवार्ड से गवर्नर लायन सुधीर जैन ने सम्मानित किया। गवर्नर लायन सुधीर जैन, प्रथम वाइस डिसट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल, द्वितीय वाइस डिसट्रिक्ट गवर्नर लायन रिपूदमन पुसरी, पास्ट डिसट्रिक्ट गवर्नर लायन वी.के.अग्रवाल, लायन सत्येंद्र शर्मा लायन एम.डी. माखीजा, लायन जयप्रकाश अग्रवाल, लायन राजेंद्र तिवारी, लायन प्रीतपाल बाली, लायन बसंत मिश्रा, लायन राजकुमार अग्रवाल, लायन रंजना क्षेत्रपाल एवं लायन त्रिलोकचंद बरडिया के अलावा बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विभिन लायंस क्लब के पदाधिकारी तथा सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

### स्वास्थ्य परीक्षण जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** केन्द्र सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय द्वारा पोषण पखवाड़ा का 7 वां संस्करण 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देश व कोरबा जिला महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में जिले भर में विशेष पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

### आयुक्त ने सुशासन तिहार के तहत मिल रही शिकायतों व मांग पत्रों की समीक्षा की

# समाधान शिविरों से पूर्व सभी आवेदनों का हो निराकरणः पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि समाधान शिविरों के आयोजन से पूर्व सुशासन तिहार के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि निगम के अतिरिक्त जिले के अन्य विभागों से संबंधित जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन आवेदनों को संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजें एवं विभागीय समन्वय बनाकर आवेदनों का निराकरण कराएं।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने गुरूवार को नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आमनागरिकों द्वारा विभिन्न मांग व शिकायतों के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्रों एवं उनके निराकरण की कार्यप्रगति की समीक्षा की। आयुक्त पाण्डेय ने आवेदनों की जोनवार व विषयवार समीक्षा करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के तहत निगम से जुड़े निर्माण व विकास कार्यों सड़क, नाली तथा अन्य मरम्मत कार्य, स्ट्रीट लाईट, पेयजल, साफ-सफाई आदि के साथ ही राष्ट्रीय परिवार सहायता, विभिन्न पेंशन योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन निर्माण अनुज्ञा, नामांतरण, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न शिकायतों व मांग संबंधी जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन सभी आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि निगम के अतिरिक्त जिले के अन्य विभागों से संबंधित जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन्हें संबंधित विभागों को भेंजे तथा विभागीय समन्वय स्थापित कर शत प्रतिशत आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु पूरी निष्ठा व तत्परता के साथ कार्य करें। आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को निर्देशित करते हुए कहा कि 5 मई से 31 मई के बीच आयोजित होने वाले समाधान शिविरों के आयोजन की रूपरेखा तैयार कर सभी आवश्यक कार्यवाहियाँ सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि समाधान शिविरों में जिले के लगभग सभी संबंधित विभागों के काउंटर स्थापित होंगे, इस संबंध में भी आवश्यक व्यवस्थाएं करें तथा समाधान शिविरों के आयोजन की सूचना संबंधित विभागों को समय पर दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभिंयता सुरेश बरूवा, उपायुक्त पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, तपन तिवारी, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, राकेश मसीह, अजीत तिग्गा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, अरविंद सिंह, अरूण मिश्रा आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

#### 5 से 31 मई के बीच लगेंगे समाधान शिविर

शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से आवेदनकर्ताओं व नागरिकों को उनके द्वारा विभिन्न मांग व शिकायत के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी उन्हें प्रदान की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के आयोजन के प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन निगम के सभी 7 जोन कार्यालयों में किया गया था तथा इस दौरान नागरिकों से उनकी मांग व शिकायतों से संबंधित आवेदन जमा कराए गए थे। वहीं द्वितीय चरण में इन प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण किया जा रहा है।



### डिस्ट्रिक्ट कांन्फ्रेंस आनन्दम में लायंस क्लब कोरबा को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डिस्ट्रिक्ट 3233 सी का डिस्ट्रिक्ट कान्फ्रेन्स आनन्दम का दो दिवसीय आयोजन 12 एवं 13 अप्रैल को जबलपुर के होटल रॉयल आरबिट में किया गया। कार्यक्रम में डि. 3233 सी के सभी क्लब के लोग उपस्थित हुए। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के द्वारा सभी क्लबों में से जिन जिन क्लबों के द्वारा उत्कृष्ट सेवा के कार्य करते हुए किये गये कार्या की ऑनलाइन रिपोर्टिंग की गई उन सभी क्लबों के द्वारा किये गये कार्यो का मूल्यांकन कर उन्हें मंच से मंचस्थ अतिथियों द्वारा अवार्ड प्रदान करते हुए सम्मनित किया गया। जिसमें लायंस क्लब कोरबा को फाइव स्टार, प्रशस्ति पत्र एवं परमानेंट प्रोजेक्ट अवार्ड, पीएमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल को इंटरनेशनल लीडरशिप मेडल, डिस्ट्रिक्ट मेडल एवं इंटरनेशनल डायरेक्टर द्वारा इंटरनेशनल पिन, 3 स्टार अध्यक्ष के लिए लायन रोहित राजवाड़े, स्टार सचिव के लिए लायन रविशंकर सिंह, एक्सीलेंस इन सर्विस के लिए लायन सत्येन्द्र वासन, 3 स्टार रीजन चेयरपर्सन के लिए लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), 3 स्टार डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर के लिए लायन कामायनी दुबे, 3 स्टार माइक्रो चेयरपर्सन के लिए लायन मीना सिंह, स्टार माइक्रो चेयरपर्सन लायन आषीष अग्रवाल, स्टार डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन के लिए लायन नन्दकिशोर अग्रवाल, एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), एमजेएफ लायन एस के अग्रवाल, लायन मधु पाण्डेय, लायन शहनाज शेख को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कांफ्रेन्स मे पीएमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष लायन रोहित राजवाड़े, सचिव लायन रविशंकर सिंह, लायन आनंद जायसवाल, लायन पदमसिंह चंदेल, लायन कामायनी दुबे, लायन नंदकिशोर अग्रवाल आदि शामिल थे।


**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मी सिंह पिता होरी सिंह जाति कंवर निवासी ग्राम उमेंदीभांठा तहसील दीपका द्वारा ग्राम मुड़ियानार प.ह.न. 53 तहसील दीपका में स्थित आवेदक के नाम पर दर्ज भूमि ख.न. 122 रकबा 0.190 हे. भूमि आनलाईन रिकार्ड में केवलदास पिता अमोलदास वगैरह के नाम पर दर्ज हो जाने से उसे सुधार कर लक्ष्मी सिंह पिता होरी सिंह दर्ज करने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 25/04/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 07/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**दीपका**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

प्रति, Date: 17-04-2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण संबंधित को सूचित किया जाता है। की मेसर्स जय माँ मंडवारानी मिनरल्स जो के भागीदार फर्म है। जिसमे श्री विन्टल कुमार अग्रवाल पिता रमेश कुमार अग्रवाल तथा विकास कुमार झा पिता राजेन्द्र कुमार झा भागीदार है। उक्त फर्म में श्री अजय कुमार अग्रवाल पिता श्री कैलाश चंद अग्रवाल एवं विकास अग्रवाल पिता श्री नारायण प्रसाद अग्रवाल नये भागीदार बनेंगे।

उक्त फर्म अथवा इसके भागीदारो के संबंध में यदि किसी व्यक्ति फर्म कंपनी बैंक सरकारी अथवा अर्धसरकारी संस्था आदि को कोई भी विवाद दावा रकम संबंधी बकाया या विवाद या अन्य कोई हक हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के पांच (5) दिनों के भीतर दावा सबंधित प्रपत्र के साथ हमारे निम्नांकित पते में कर्यालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के बाद की गयी आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं यही समझा जायेगा की उक्त कार्य हर प्रकार से भार एवं विवाद मूक्त है।

**पता- जय मां मंडवारानी मिनरल्स गजरा रोड बाकी मोगरा जिला कोरबा पिन 495447**
**सूचना प्रकाशितकर्ता**
**श्री विन्टल कुमार अग्रवाल**
**श्री अजय कुमार अग्रवाल**
**विकास अग्रवाल**
**श्री विकास कुमार झा**


#### बिजनेस न्यूज

### मेट्रोसिटी की दौड़ से राहत दिलाई एनकेएच ने हृदयरोगियों को त्वरित उपचार दे रही नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

एनकेएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने 23 मई 2023 को कैथलैब प्रारम्भ किया, उसने जिले के हृदयरोगी मरीजों को बड़ी राहत प्रदान की है। अब ऐसे रोगियों के परिजनों को बड़े शहरों की तरफ नहीं दौड़ना पड़ता बल्कि गोल्डन ऑवर में मरीज को अपने ही शहर में इलाज मिल जाने से प्राण रक्षा सम्भव हो पा रही है। अब तक लगभग 200 मरीजों को एंजियोप्लास्टी व एंजियोग्राफी से लाभान्वित किया जा चुका है। कई ऐसे मौके भी आए जब एक ही दिन में आधा दर्जन मरीजों को लाभ दिया गया। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सतीश सूर्यवंशी और उनकी अनुभवी टीम ने पिछले महीने को एक ही दिन में एनकेएच कोरबा में 5 एंजियोप्लास्टी और 6 एंजियोग्राफी सफलतापूर्वक की। इस दौरान, 2 आपातकालीन हृदय रोग मामलों का भी तुरंत इलाज किया गया, जिससे मरीजों को समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल सका। सभी मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं, व अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इसके अलावा एनकेएच कोरबा के कार्डियोलॉजी ओपीडी में 45 से अधिक मरीजों ने एक ही दिन में परामर्श लिया, जो लोगों के बीच अस्पताल की विश्वसनीयता और उत्कृष्ट सेवा को दर्शाता है। इसी माह 12 अप्रैल को सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ एस एस मोहंती द्वारा 25 हृदय रोगियों को जांच व परामर्श दिया गया। अभी आने वाले 26 अप्रैल को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ भारत अग्रवाल भी एन के एच में विजिट करेंगे।



## नपं अध्यक्ष ने पेश किया वार्षिक बजट लिखी जाएगी विकास की नई गाथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

नगर पंचायत पाली की पहली सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष अजय जायसवाल ने सत्र 2025-26 के लिए कुल 17 करोड़ 97 लाख का बजट पेश किया। बजट में नगर विकास के कई प्रावधान किए गए हैं। बजट में अधोसंरचना कार्य, सरोवर धरोहर के लिए प्रावधान किया गया है। नगर में खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान भी बनाया जाएगा, पार्क एवं गार्डन का निर्माण और उन्नयन, नवीन भवन, रोड, नाली, नाला के साथ उचित जल निकाय की व्यवस्था, उचित जल प्रबंधन, स्वच्छता, सार्वजनिक प्रकाश, बीटी रोड आदि बजट में शामिल किया गया है। इसके अलावा अन्य शासकीय मद से भी विकास कार्यों को गति दी जाएगी। नगर में एक भव्य आडिटोरियम भी बनाया जाएगा। साथ ही नवीन मेला स्थल आदि पर भी विचार विमर्श कर स्थाई व्यवस्था बनाने पर भी काम किया जाएगा। इस अवसर पर नपं उपाध्यक्ष लखन प्रजापति, पार्षद श्रीमती दीप्ति दीपक शर्मा, उमेश चंद्रा, चंद्रशेखर पटेल, श्रीमती गीता शुक्ला, श्रीमति आशा समीन पटेल, पुनीराम पटेल, विष्णु ताम्रकार, रीमा वर्मा, श्रीमति ज्योति उइके, तूफान सिंह राज, सुनील साहू, भूपेंद्र कुर्रे, अनित पटेल, राजेश जाटव, पूर्णेंदु तिवारी, रंजना कौशिक, सतीश डिक्सेना, रामनाथ, दीपक शुक्ला सहित अन्य उपस्थित थे।



बजट पेश करते नगर पंचायत अध्यक्ष।










### शहर के भीतर अवैध अतिक्रमण यातायात व्यवस्था लगी चरमराने



**कटघोरा।** शहर में सड़कों और चौराहों पर दिन-ब-दिन बढ़ते अवैध अतिक्रमण और इससे उत्पन्न हो रही यातायात अव्यवस्था को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने नगर में व्याप्त अराजक स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि कटघोरा नगर के प्रमुख चौराहों में से एक शहीद वीर नारायण चौक के चारों ओर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। इसके अतिरिक्त, बिलासपुर मार्ग और अंबिकापुर मार्ग पर स्थित न्यू बस स्टैंड के मुख्य मार्ग, दोनों ओर के निकास द्वार तथा वहां बने व्यवसायिक परिसरों में भी अतिक्रमण की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि बस स्टैंड के पास स्थित दुकानदार अपनी दुकानों के आगे अस्थायी ढांचे, ठेले, और अन्य सामग्रियों के जरिए रास्ता घेर रखे हैं। इससे न सिर्फ पैदल यात्रियों और दोपहिया/चारपहिया वाहनों के लिए आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही है बल्कि सड़क किनारे पार्किंग की जगह भी पूरी तरह समाप्त हो गई है। इसके कारण वहां वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग से जाम की स्थिति लगातार उत्पन्न हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। थाना प्रभारी तिवारी ने यह भी उल्लेख किया है कि पूर्व में नगर पालिका द्वारा इन अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया था, परंतु उस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने इस विषय की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका से अपील की है कि वह शीघ्रता से प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि इस अभियान में पुलिस प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा।




तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 शराब दुकानों का अहाता चलाने ठेकेदारों ने लगाई बोली, ढाई करोड़ का मिलेगा राजस्व



## खबर संक्षेप

### एनएसपी पोर्टल पर डाटा वेरिफिकेशन करने निर्देश

**कोरबा।** सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का सीधे डी.बी.टी. के माध्यम भुगतान समाज कल्याण विभाग रायपुर के राज्य नोडल खाते के माध्यम से किया जा रहा है। पेंशन हितग्राही को किसी भी स्थिति में नॉन डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान नहीं किया जा रहा। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा समस्त जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों को सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का सीधे डी.बी.टी. के माध्यम भुगतान करने हेतु एनएसएपी पोर्टल पर डाटा वेरिफिकेशन एवं डाटा अद्यतन करने निर्देशित किया गया है।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 20 को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित

**कोरबा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए संचालित प्रयास बालक/बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 20 अप्रैल को प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर की सहायता से प्रवेश पत्र 20 अप्रैल तक डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही फॉर्म निरस्त हुए विद्यार्थी भी अपने आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर की सहायता से आवेदन निरस्त होने के कारण जान सकते है।

### गुड फ्राइडे व ईस्टर पर आज विशेष प्रार्थना सभा

**कोरबा।** मसीही समाज गुड फ्राइडे और ईस्टर की तैयारियों में जुटा है। 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। चर्चों में प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही है। ईसाई समाज में उत्साह का माहौल है। 5 मार्च से मसीही समाज के लोग प्रार्थना में जुटे हैं। गुड फ्राइडे की तैयारी तेज हो गई है। चर्च में प्रतिदिन शाम को प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा।

### पोषण पखवाड़ा का आयोजन 22 तक

**कोरबा।** व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन एवं जागरूकता लाने एवं जिले में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा 2025 में मुख्य रूप से 4 थीम पर आधारित गतिविधियां का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान, पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉड्यूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, सी-सेम मॉड्यूल का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समस्या को रोकने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने के संबंध में जागरूकता केन्द्रित है।इस हेतु 8 से 22 अप्रैल तक प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### सोसाइटी के पुनर्गठन को लेकर दावा आपत्ति 23 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग द्वारा प्रदेश की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों के पुनर्गठन योजना के क्रियान्वयन संबंधी प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में किया गया है। उक्त योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरुप जिला कोरबा में 19 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियां अस्तित्व में आ रही है। पुनर्गठन प्रस्ताव पर प्रभावित एवं परिणामी सोसायटी के सदस्य, सोसाइटियों एवं बैंक शाखा तथा अन्य द्वारा 15 दिवस के समयावधि में 23 अप्रैल तक दावा आपत्ति कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के समक्ष तीन प्रतियों में आमंत्रित किया गया है।

# तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर विकसित होंगे मुड़ापार व मानिकपुर पोखरी

## तालाबों, सरोवरों को पर्यटन सुविधाओं के साथ संवारने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शहर के सरोवरों, तालाबों को रायपुर के तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर विकसित करने एवं भविष्य में तालाबों, सरोवरों को पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित किए जाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने निगम आयुक्त ने मुड़ापार तालाब एवं मानिकपुर पोखरी का निरीक्षण किया। उन्होंने इस संबंध में पीपीपी मोड पर सरोवरों को विकसित किए जाने के लिए एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश अभियंताओं को दिए।

उल्लेखनीय है कि शारदा विहार व मुड़ापार बस्ती के बीचों-बीच स्थित प्राचीन मुड़ापार तालाब का कुछ वर्ष पूर्व जीर्णोद्धार कराया गया था, किन्तु देखरेख के अभाव में वर्तमान में तालाब की स्थिति ठीक नहीं है। तालाब में पानी का अभाव है, तालाब को भरने व पानी के ठहराव की व्यवस्था भी नहीं है, इसके साथ ही तालाब के चारों तरफ की मेढ़ पर पूर्व में किए गए विकास व निर्माण कार्य जर्जर स्थिति में है। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने तालाब का निरीक्षण किया, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुड़ापार तालाब को रायपुर स्थित तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर विकसित करने के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें तथा इस के लिए पीपीपी मोड पर विकास कार्य किए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने तालाब में पानी भरने एवं पानी के ठहराव को सुनिश्चित करने के लिए स्थाई व्यवस्था बनाने के संबंध में भी प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा, ताकि तालाब में पानी की कमी न रहें। उन्होने कोरबा शहर के सरोवरों, तालाबों को रायपुर के तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर विकसित करने एवं भविष्य में तालाबों, सरोवरों को पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित किए जाने एवं पीपीपी मोड पर सरोवरों को विकसित किए जाने के लिए एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश अभियंताओं को दिए।



### आयुक्त ने लगाया 5 हजार का अर्थदण्ड

मुड़ापार तालाब तथा आसपास के क्षेत्र में गदंगी व कचरा बिखरा देख आयुक्त श्री पाण्डेय ने नाराजगी जाहिर करते हुए सफाई कार्य एजेंसी पर 5 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित करने के साथ ही निगम के संबंधित स्वच्छता सुपरवाईजर को नोटिस जारी करने तथा सुपरवाईजर की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सफाई कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में क्षम्य नहीं होगी तथा जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।


### पर्यटन स्थल के रूप में विकास

निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुड़ापार तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें, तालाब में पानी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए बोटिंग की सुविधा, जल की शुद्धता के लिए जेट फाउण्टेन, तालाब के चारों तरफ मेढ़ का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण, उद्यानिकी, फाउण्टेन, स्ट्रीट लाईट व बहुरंगी प्रकाश व्यवस्था, चौपाटी, बैठक व्यवस्था, मनोरंजन पार्क, वाकिंग स्ट्रीट, वृद्धजनों के लिए क्लब, छोटे बच्चों के लिए स्पोर्ट्स सुविधा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को शामिल कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। मुड़ापार तालाब के समीप कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर मकान व झोपड़ी बना ली गई है। आयुक्त ने उक्त अतिक्रमण को व्यवस्थित करते हुए वहां पर निवास कर रहे लोगों को उपयुक्त स्थल पर पुनर्वासित करने व स्थल को अतिक्रमण से मुक्त किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## डीएसपीएम संयंत्र के ट्रीटमेंट प्लांट से कॉलोनियों में की जाएगी जलआपूर्ति

# बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र की जगह डीएसपीएम में लगाया जाएगा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट





बंद पड़े संयंत्र परिसर में स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र परिसर में स्थापित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को अब डीएसपीएम संयंत्र में स्थापित करने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसके लिए कोरबा पूर्व से डीएसपीएम संयंत्र तक व डीएसपीएम से विद्युत कंपनी के कॉलोनियों तक पाईप लाईन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। आने वादे दिनों में डीएसपीएम संयंत्र से ही जल उपचार कर कॉलोनियों में जल की आपूर्ति की जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 440 मेगवाट क्षमता वाले कोरबा पूर्व संयंत्र की 50 मेगावाट की 4 व 120 मेगावाट की 2 इकाईयों को दो पूर्व ही हमेशा के लिए उत्पादन से बाहर कर दिया गया था। इकाईयों के डिस्मेंटल के बाद बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र परिसर में हाइड्रोजन व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन किया जाता है। कुछ दिनों पूर्व ही वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र की रिक्त पड़ी लगभग 100 एकड़ से ज्यादा भूमि को वाणिज्य उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने का निर्देश जारी किया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने कलेक्टर को जारी पत्र में उल्लेख किया है कि कोरबा पूर्व संयंत्र की आयु पूर्ण होने पर सभी इकाईयों को बंद कर नष्टीकरण का कार्य किया जा रहा है। संयंत्र बंद होने के उपरांत स्वीचयार्ड की जमीन एवं संयंत्र छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी को हस्तांतरित कर दी गई है। जिसके बाद लभग 100 एकड़ से ज्यादा भूमि खाली है, जिस पर छत्तीसगढ़ उत्पादन कंपनी के द्वारा नया प्रोजेक्ट लगाने के संबंध में विचार किया जा रहा है। वहीं राज्य शासन रिक्त भूमि पर एल्यूमिनियम पार्क बनाने की योजना पर काम कर रहा है। एल्युमिनियम पार्क योजना को बजट में भी शामिल किया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा उत्पादन कंपनी के आधिपत्य की लगभग 100 एकड़ रिक्त भूमि को उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश के बाद कोरबा पूर्व संयत्र में संचालित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को डीएसपीएम संयंत्र प्लांट में स्थापित करने की कवायद शुरू कर दी गई है।

### पाइप लाइन बिछाने का काम जारी

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी द्वारा डीएसपीएम संयंत्र के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कॉलोनी में जल आपूर्ति के लिए नये पाईप लाईन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। कंपनी द्वारा कोरबा पूर्व संयंत्र परिसर में स्थापित कैनाल से पाईप लाईन के जरिए पानी डीएसपीएम संयंत्र के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक लाई जाएगी। जल उपचार के बाद पाईप लाईन के जरिए ट्रीटमेंट प्लांट से कॉलोनी में जल की आपूर्ति की जाएगी। वर्तमान में कोसाबाड़ी पूर्व स्थित आवासीय कॉलोनी व एबी टाईप कॉलोनी में कोरबा पूर्व संयंत्र से ही जल की आपूर्ति हो रही है।

# गैंग रेप के चार आरोपियों को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गैंगरेप के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने चारों आरोपियों को 20 वर्ष सश्रम कारावास व 500 रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत अटल आवास खरमोरा में निवासरत एक महिला 12 जून 2024 को घर पर अकेली थी। इस दौरान उसी मोहल्ले में निवास करने वाले 6 युवक महिला के घर घुसे और बलपूर्वक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जहां महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी श्रीमती सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में पेश किया था जहां मामले की सुनवाई हुई जहां चार राजेश गांड़ा, गुड्डवा उर्फ गुड्डू, गुलशन नटराजन, संदीप यादव के खिलाफ धारा 376 (डी) के तहत आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय ने 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई जबकि गुलशन गिदौरे व अजय खैरवार को दोषमुक्त किया गया है। मामले में आरोपियों को सजा दिलाने में शासन की ओर से सजा दिलाने में अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने मामले में पैरवी की है।

# हाथियों का झुण्ड पहुंचा कुदमुरा परिक्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडलों में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। कुदमुरा वनपरिक्षेत्र के जंगल में 39 हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस झुण्ड में 11 नर, 21 मादा तथा 7 बेबी एलिफेंट शामिल हैं। हाथियों का झुण्ड चचिया गांव में दो ग्रामीणों के धान की फसल को रौंदने के बाद बुधवार की रात कुदमुरा परिसर पहुंच गया और वहां के जंगल के कक्ष क्रमांक पी-1139 में डेरा डाल दिया। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। वहीं वन अमला भी किसी प्रकार के उत्पात को रोकने के लिए सतर्क हो गया है। हाथियों की निगरानी करने के साथ वन विभाग गांव में मुनादी कराने के काम में जुट गया है। चूंकि इस समय महुआ, चार व तेंदू फल का सीजन चल रहा है। अतः बड़ी संख्या में ग्रामीण इसके संग्रहण के लिए जंगलों में पहुंच रहे हैं। इसलिए ज्यादा सतर्कता की जरूरत है।

# नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर लैंगा निवासी प्रताप सिंह मरावी उम्र 36 वर्ष पिता रामभजन सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जनपद सदस्य है तथा भाजपा महामंत्री पसान क्षेत्र में है। इस तरह पार्टी की ओर से या अन्यत्र जरूरी कार्य से मीटिंग आहूत करने पर उसका रायपुर आना जाना रहता है जिस पर प्रताप सिंह की पहचान कुन्ती देवी जांगडे से हुई। कुंतीव द्वारा बताया गया कि अभी शराब दुकान में सुपरवाईजर व मैनेजर के लिए लड़कों की जरूरत है और कुंती की अच्छी पकड़ है वह नौकरी लगवा सकती है। मैनेजर के लिए 3 लाख रुपए व सैलस्मोन के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए लगेगा। तब प्रताप सिंह कुंती की बातों पर भरोसा कर अपने मामा के पुत्र ग्राम देवरीडांड ग्राम पचायत सचराटोला तहसील मरवाही निवासी लालबहादुर सिंह पिता शिव कुमार पोर्ते को नौकरी पर लगवाने की गुहार की। जिस पर प्रताप सिंह के द्वारा कुंती देवी के मांग के अनुसार उसके बताये अनुसार बचत खाता में ऑनलाईन ट्रांसफर कर विभिन्न किश्तों में कुल 2 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान किया था। जिस पर कुंती से लगातार संपर्क करने पर व आज कल करते हुए टाल मटोल करते रही और ना तो उसने प्रताप सिंह के मामा के पुत्र की नौकरी लगवाई और ना ही 2 लाख 50 हजार रुपए को वापस किया गया। प्रार्थी प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने कुंती देवी जांगड़े के विरुद्ध 420 भादवि एवं 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# प्रबंधन का दावा, आंदोलन से 10 प्रतिशत कोल उत्खनन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल प्रबंधन ने दावा किया है कि भूविस्थापितों द्वारा एसईसीएल के चारों एरिया में किए गए खदान बंदी आंदोलन का कोई खास असर नहीं पड़ा है। प्रबंधन ने कहा है कि रोजाना की तरह बुधवार को भी एसईसीएल ने पांच लाख टन से अधिक का कोयला डिस्पैच किया। हड़ताल की वजह से गेवरा, दीपका, कुसमुंडा में केवल 10 प्रतिशत कोयला उत्पादन प्रभावित रहा। वहीं कुसमुंडा एरिया ने मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को ज्यादा कोयला डिस्पैच किया।

### खास बात

- आंदोलन के दिन अन्य दिलों की अपेक्षा अधिक कोयला हुआ डिस्पैच

एसईसीएल प्रबंधन ने कहा है कि भूविस्थापितों के आंदोलन से हुए नुकसान की आसानी से भरपाई की जा सकती है। एसईसीएल के पास कई मिलियन टन कोयला का स्टाक उपलब्ध है, जिससे कई दिनों तक उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से कोयला दिया जा सकता है। कुछ मेगा प्रोजेक्ट्स डेडिकेटेड रूप से पॉवर प्लांट्स को कोयला भेजती है। यह पॉवर प्लांट्स स्वयं भी कुछ सप्ताह का स्टॉक रखती हैं। मेगा प्रोजेक्टस में सामान्य ग्रेड का कोयला मिलता है, जो मुख्यतः पॉवर सेक्टर को दिया जाता है।

इनकी नोटिफाइड प्राइस 1 हजार रुपये से कम है। खदान एरिया सीबीए एक्ट व माइंस एक्ट अधिसूचित क्षेत्र व प्रतिबंधित क्षेत्र है, इनमें बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित है। देश के लिए कोयले का उत्पादन आवश्यक सेवा है तथा इसमें बाधा करना लॉ एंड ऑर्डर को भंग करने जैसा है।

# परीक्षा ड्यूटी कर रहे प्रोफेसर के सिर पर गिरा हैवी ब्लास्टिंग से उड़ा पत्थर, घायल



परीक्षा देती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम हरदीबाजार स्थित महाविद्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया जब महाविद्यालय में परीक्षा ड्यूटी पर तैनात एक प्रोफेसर के सिर पर हैवी ब्लॉस्टिंग से उड़ा पत्थर आ गिरा। इस हादसे में प्रोफेसर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। खदान में हुए ब्लॉस्टिंग की तीव्रता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ब्लॉस्टिंग से उड़ा पत्थर सीट तोड़कर कमरे में ड्यूटी कर रहे प्रोफेसर पर जा गिरा।

### खास बातें

- खदान से महज 10 मीटर दूर संचालित है कॉलेज
- कमरे में 22 छात्र दे रहे थे परीक्षा, घायल हुआ प्रोफेसर



प्रोफेसर के सिर पर लगी चोट।

हरदीबाजार में संचालित शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय से महज 10 मीटर दूरी तक खदान पहुंच चुका है। गुरुवार की दोपहर महाविद्यालय में रसायन शास्त्र की परीक्षा संचालित हो रही थी। एक कमरे में 22 छात्र परीक्षा दे रहे थे। इसी कक्ष में प्रोफेसर मुकेश दीवान की ड्यूटी लगी थी। दोपहर लगभग 2.45 बजे अचानक खदान में हैवी ब्लॉस्टिंग शुरू हो गई। तेज आवाज के साथ हो रहे ब्लॉस्टिंग की वजह से एक पत्थर का टुकड़ा तीव्र गति से हवा में उड़ कर सीट तोड़कर कमरे में ड्यूटी दे रहे प्रोफेसर मुकेश दीवान के सिर पर गिरा, जिससे प्रोफेसर मुकेश दीवान के सिर पर गंभीर चोट लगी। प्रोफेसर को तत्काल उपचार के लिए हरदीबाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। उल्लेखनीय है कि जिस समय हैवी ब्लास्टिंग हुआ उसके कुछ ही दूरी पर ग्रामवासी कालेज के एक हिस्से को तोड़ने को लेकर आक्रोशित थे, जो पंडाल लगाकर बैठक कर चर्चा कर रहे थे। इस बैठक में हरदीबाजार तहसीलदार विष्णु पैंकरा, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर,जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल,दीपका तहसीलदार मोहित केरकेट्टा, हरदीबाजार थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडेय सदबल उपस्थित थे। जिन्हें महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश पांडेय के द्वारा पंडाल में जाकर घटना की जानकारी दी गई तब सभी महाविद्यालय पहुंच कर यथा स्थिति का जायजा लिया। वहीं ग्रामवासी व महाविद्यालय प्रबंधन इस हादसे की शिकायत हरदीबाजार थाना में किए है। जिसमें एसईसीएल दीपका प्रबंधन के उपर उचित कार्यवाही की मांग लिखित शिकायत पत्र देकर की है।

### बिना नोटिस प्रबंधन ने चलाया बुलडोजर



हरदीबाजार महाविद्यालय में एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा की गई कार्यवाही से विवाद खड़ा हो गया है। प्रबंधन ने बिना किसी नोटिस के शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के भवन के कुछ हिस्सों को तोड़ दिया। इस कार्रवाई से ग्राम पंचायत और ग्रामवासियों में नाराजगी व्याप्त है। मामले को सुलझाने के लिए तीनों पक्षों को वार्ता के लिए बुलाया गया। 17 अप्रैल को महाविद्यालय मैदान में आम सभा अयोजित की गई, जिसमें ग्रामवासियों ने 17 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 3 दिनों के अंदर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे हड़ताल करेंगे और खदान का काम रोक देंगे। ग्रामीणों की मांग है कि महाविद्यालय को मिनी स्टेडियम में अस्थायी रूप से स्थानांतरित करना, हरदीबाजार से दीपका बायपास मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाना, ग्राम पंचायत में बड़े बोर खनन और खदान से निकलने वाले पानी को तालाबों में भरना शामिल है। बैठक में तहसीलदार, एसईसीएल के अधिकारी और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि शामिल हुए। हरदीबाजार के सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर ने बताया कि एसईसीएल ने बिना सूचना दिए इस कार्रवाई को अंजाम दिया। जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई है।

17 korba-pg4_Layout 1 4/17/2025 11:27 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### केवी गोपालपुर दर्री में विधिक जागरूकता शिविर

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सत्येन्द्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में कोरबा पीएम केंद्रीय विद्यालय नं0 4, गोपालपुर दर्री में विधिक सेवाएं योजना एवं अन्य जनोपयोगी कानूनी की जानकारी दिये जाने के प्रयोजनार्थ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन 16 अप्रैल को न्यायाधीश सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) कोरबा की अध्यक्षता में किया गया। सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) कोरबा के द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के अधिकार, अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के संबंध में विधिक जानकारी देते हुये बताया गया कि विद्यार्थी जीवन में किसी अन्य विषय में नहीं सोचना चाहिए सिर्फ अपने पढ़ाई के लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा द्वारा बताया गया कि किसी के बहकावे में आकर कोई ऐसा कार्य न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। शिविर में श्रीमती मीनाक्षी प्राचार्य (प्रभार), शिक्षकगण श्री जांगड़े, रोशन लकड़ा, श्रीमती शालिनी देवांगन एवं श्रीमती ताजिंदर कौर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अधिकार मित्र श्रीमती विजयलक्ष्मी सोनी तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### सरईसिंगार में मनाया गया पोषण पखवाड़ा



**कोरबा।** हरदीबाजार सेक्टर के ग्राम पंचायत सरईसिंगार में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सरईसिंगार के सभी आंगनबाड़ियों में गुरुवार को सीडीपीओ बजरंग प्रसाद सान्डे के निर्देश में सुपोषण चौपाल का आयोजन कर पोषण पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उपस्थित महिलाओं को जीवन के प्रथम हजार दिन, सी मैम प्रबंधन, बच्चों में मोटापा तथा पोषण ट्रैकर ऐप में बेनिफिसयरी मॉड्यूल के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किशोरी बालिकाओं का पोषण से संबंधित रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### माटी अधिकार मंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** माटी अधिकार मंच ने कलेक्टर से जिला खनिज न्यास की राशि का लाभ खनन से प्रत्यक्ष प्रभावित परिवारों तक पहुंचाने के लिए मांग की है। मंच का कहना है कि खनन क्षेत्रों में रहने वाले लोग रोजगार, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। मंच ने आरोप लगाया है कि राशि का लाभ प्रभावित समुदायों तक नहीं पहुंच रहा। मांगें पूरी न होने पर मंच ने 17 अर्जित ग्रामों के साथ वृहद आंदोलन की चेतावनी दी है। माटी अधिकार मंच की मांग है कि ग्राम सभा के माध्यम से प्रत्यक्ष प्रभावित व्यक्तियों और परिवारों की पहचान कर उन्हें डीएमएफ राशि का लाभ सुनिश्चित किया जाए। भविष्य में खनन क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए डीएमएफ राशि का एक निश्चित हिस्सा संरक्षित किया जाए। खनन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को डीएमएफ के उद्देश्यों, लाभों और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाए। मंच ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो चैनपुर, आमगांव, बैलटकारी, हरदीबाजार, सराईसिंगर, सरायपाली, पाली, पडनिया, जटराज सहित 17 अर्जित ग्रामों के लोग उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### अग्निवीर के विभिन्न पदों हेतु आवेदन 25 तक

कोरबा। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की गई है जिसका भारतीय सेना की वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है। सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु जनरल / तकनीकी / क्लर्क / ट्रेडमेन (8वीं एवं 10वीं) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित थी जिसे आगे 25 अप्रैल तक बढ़ाया गया है। आवेदक अधिक जानकारी एवं समस्या के समाधान के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212/0771-2965214 पर संपर्क कर सकते है। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर की जाती है। इस हेतु अभ्यर्थियों से किसी भी अनाधिकृत व्यक्तियों के बहकावे या प्रलोभन में नहीं आने का आग्रह किया गया है।

## आईटीआई रामपुर अहाता की ठेकेदारों ने नहीं लगाई बोली

# शराब दुकानों का अहाता चलाने ठेकेदारों ने लगाई बोली, ढाई करोड़ का मिलेगा राजस्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के 19 देशी विदेशी शराब दुकानों में अहाता संचालन के लिए आबकारी विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया की थी जिसमें जिले के विभिन्न ठेकेदारों ने अहाता संचालन के लिए जमकर रुची दिखाई और अहाता को हासिल करने के लिए बढ़-चढ़कर बोली लगाई है। जिसके चलते आबकारी विभाग को 2 करोड़ 69 लाख 53 हजार 800 रुपए का राजस्व मिला है। अब आने वाले दिनों में ठेकेदारों द्वारा प्राप्त किए गए अहातों का संचालन शुरू किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिले के देशी विदेशी शराब दुकान में अहाता संचालन करने के लिए आबकारी विभाग ने निविदा जारी की थी जिसमें मुख्य रूप 19 देसी विदेशी शराब दुकान थे। कंपोजिट देशी मदिरा अहाता आईटीआई रामपुर को छोड़ दिया जाए तो जिले के सभी देशी विदेशी मदिरा शराब दुकान के अहातों के संचालन के लिए ठेकेदारों ने जमकर बोली लगाई है और जिसमें देशी विदेशी मदिरा अहाता दीपका के लिए आबकारी विभाग ने 20 लाख 12 हजार रुपए निर्धारित आरक्षित मूल्य रखा था जिसके लिए संदीप सैनी ने सबसे अधिक बोली लगाते हुए 32 लाख 40 हजार रुपए की बोली लगाई है और दीपका स्थित देशी विदेशी अहातों को हासिल कर लिया है जबकि इसी तरह आबकारी विभाग में कुल 19 दुकानों के लिए 1 करोड़ 53 लाख 17 हजार रुपए के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य जारी किया था जिसमें ठेकेदारों ने जमकर बोली लगाई है और कुल 2 करोड़ 69 लाख 53 हजार 800 की बोली लगाते हुए शराब दुकानों के अहातों को ठेकेदारों ने हासिल किया है। अब इन ठेकेदारों द्वारा अग्रिम लाइसेंस फीस की राशि आबकारी विभाग के खाते में जमा की जाएगी इसके बाद अहातों का संचालन ठेकेदारों द्वारा शुरू किया जाएगा।




### कहां कितने ठेकेदारों ने डाली थी निविदा

जिले के देशी विदेशी शराब दुकानों में अहाता संचालन के लिए ठेकेदारों ने जमकर हिस्सा लिया है। जिसमें देशी विदेशी मदिरा दुकान कटघोरा में मात्र 1 ठेकेदार ने हिस्सा लिया था। कंपोजिट विदेशी मदिरा दुकान बरपाली 1, कंपोजिट विदेशी दुकान पसान 1, देसी विदेशी मंदिर दुकान गोपालपुर 2, देशी विदेशी मदिरा दुकान दीपका 2, देशी विदेशी मदिरा दुकान हरदीबाजार 2, देशी विदेशी मदिरा दुकान बांकीमोंगरा 2, देशी विदेशी मदिरा दुकान लालघाट 3, देशी विदेशी मदिरा दुकान लाटा 3, देशी विदेशी मदिरा दुकान पाली 3, कंपोजिट देशी मदिरा कोरबा 3, कंपोजिट देशी मदिरा दुकान रूमगरा 3, कंपोजिट देशी मदिरा दुकान गेवरा 3, देशी विदेशी मदिरा दुकान सर्वमंगला 4, कंपोजिट देशी मदिरा दुकान रजगामार 6, देशी मदिरा दुकान मुड़ापार 7, कंपोजिट देशी मदिरा दुकान दादर 7, कंपोजिट देशी मदिरा दुकान भैरोताल 7 ठेकेदारों ने हिस्सा लिया था कुल 53 ठेकेदारों ने हिस्सा लिया था॥

### कहां कितने में लगी है बोली

| अहाता का नाम | निविदादाता का नाम | निर्धारित आरक्षित मूल्य | स्वीकृत निविदा |
|---|---|---|---|
| देशी मदिरा रामपुर | 00 | 1013000 | 00 |
| विदेशी मदिरा कटघोरा | राजेश कुमार केला | 1006000 | 1200200 |
| विदेशी मदिरा बरपाली | राजेश शर्मा | 699000 | 972000 |
| विदेशी मदिरा पसान | सुमिता गुप्ता | 186000 | 421500 |
| विदेशी मदिरा गोपालपुर | जितेंद्र प्रसाद राय | 645000 | 1111000 |
| विदेशी मदिरा दीपका | संदीप सैनी | 2012000 | 3240000 |
| विदेशी मदिरा हरदीबाजार | राजेश्वर राठौर | 779000 | 915000 |
| विदेशी मदिरा बांकीमोंगरा | कमलेश कुमार साहू | 865000 | 1051000 |
| देशी मदिरा लालघाट | अशोक लाल | 1217000 | 1768000 |
| देशी मदिरा लाटा | संतोष कुमार केंवट | 1195000 | 2424000 |
| विदेशी मदिरा पाली | भास्कर पांडे | 935000 | 1768000 |
| देशी मदिरा कोरबा | अजय कुमार बांधेकर | 927000 | 1815000 |
| देशी मदिरा रुमगरा | दीपक शर्मा | 453000 | 931100 |
| देशी मदिरा गेवरा | भास्कर पांडे | 834000 | 1564000 |
| विदेशी मदिरा सर्वमंगला | नवनीत पलेरिया | 651000 | 1500000 |
| देशी मदिरा रजगामार | प्रकाश कुमार चौहान | 241000 | 931000 |
| देशी मदिरा मुड़ापार | शिव कुमार प्रसाद | 643000 | 1620000 |
| देशी मदिरा दादर | अंबिका कुमार प्रजापति | 565000 | 2521000 |
| देशी मदिरा भैरोताल | रोहन साहू | 451000 | 1201000 |
| **योग** | | **15317000** | **26953800** |

### अवैध पार्किंग में खड़े 50 वाहनों से वसूला गया 15 हजार का समन शुल्क



**कोरबा।** टीपी नगर एवं राताखार क्षेत्र में नो पार्किंग स्थलों पर अवैध रूप से वाहनों के खड़े किए जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों पर यातायात पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए अभियान की शुरुआत की जो लगातार जारी है। इस अभियान के तहत पिछले दो दिनों में नो पार्किंग में खड़े पाए गए कुल 50 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई एवं 15 हजार रुपए समन शुल्क वसूला गया है। जिला पुलिस ने नागरिकों से अपील करते हुए यातायात नियमों का पालन करने और अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करने की अपील की है। अवैध पार्किंग से यातायात बाधित होता है और आपातकालीन सेवाओं के संचालन में भी अड़चन आती है। शहर की व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु कोरबा पुलिस सतत रूप से निगरानी एवं कार्रवाई करती रहेगी।

# कोरबा को आकांक्षी जिले की श्रेणी से बाहर निकालने की दिशा में करें कार्य : बंसोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हम सभी को देखना चाहिये कि जिन कारणों की वजह से कोरबा जिले को आकांक्षी जिले की श्रेणी रखा गया है उन क्षेत्रों में कार्य किये जाने के पश्चात संबंधित समुदायों का विकास हो रहा है या नहीं। हमें ध्यान रखना चाहिये कि जहां कहीं अंधेरा है वह उजाले में न छिप जाये, जहां अंधेरा है वहां प्रकाश भी होना चाहिए।

**खास बात**

- भारत सरकार के संयुक्त सचिव व आकांक्षी जिला प्रभारी ने ली समीक्षा बैठक

उक्त बातें भारत सरकार में संयुक्त सचिव एवं जिले के आकांक्षी जिला प्रभारी नीरज बंसोड़ ने गुरुवार को अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने जिले को आकांक्षी जिले की श्रेणी से बाहर निकालने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। श्री बंसोड़ ने आकांक्षी जिला के तय किये गये सूचकांक को ध्यान रखकर जिले के अनुसूचित जनजाति, विशेष पिछड़ी जनजाति एवं अन्य कमजोर वर्गों के उत्थान के लिये कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-समय पर किये जाने वाले कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए तुलनात्मक सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने कोरबा जिले की विकास को लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी अधोसंरचना सहित अन्य क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्रदान की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आकांक्षी जिला प्रभारी श्री बंसोड़ ने स्वास्थ्य एवं पोषण, षिक्षा एवं जल स्त्रोत, वित्तीय समावेशान एवं कौशल विकास, बुनियादी अधोसंरचना से जुड़े विषयों की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र को बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि यहां जिला अस्पताल एवं मेडिकल कालेज संचालित है। ऐसे में उप स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती मरीजों को जरूरत पड़ने पर बाहर के अस्पतालों में न भेजकर जिला अस्पताल व मेडिकल कालेज भेजा जाना चाहिए। इसके लिये स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक व्यवस्था बनानी होगी। साथ ही छोटे स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती मरीज को भी यह जानकारी होनी चाहिये कि उनका उपचार जिला अस्पताल एवं मेडिकल कालेज में हो सकता है। उन्होंने चिकित्सकीय उपचार हेतु सतत केयर बनाने की दिशा में कदम उठाने कहा। श्री बंसोड़ ने कोरबा जिले में स्वास्थ्य व सहकारिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की संभावना बताते हुए इस दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने, उन्हें गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश देते हुए कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य बढ़ाने कहा। आकांक्षी जिला प्रभारी ने जिले में डीएमएफ के माध्यम से स्वास्थ्य, षिक्षा, पोषण और बुनियादी अधोसंरचना के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की प्रषंसा करते हुए कहा कि उपलब्ध संसाधनों के उपयोग से कोरबा जिले को विकास की दिषा में आगे बढ़ाकर आकांक्षी जिला की श्रेणी से बाहर लाया जा सकता है। बैठक में स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये गये कार्य, महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, षिक्षा, पेयजल, पशु चिकित्सा आदि के क्षेत्र में किये गये कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिले में डीएमएफ के माध्यम से नये स्कूल भवन, षिक्षक भर्ती, विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई की तैयारी हेतु बाहर प्रषिक्षण, स्कूल एवं आश्रमों का जीर्णोद्धार, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, स्कूल एवं आंगनबाड़ी में गैस सिलेंडर की उपलब्धता, शिक्षक एव चिकित्सक आवास का निर्माण, स्वास्थ्य केन्द्र भवन, विषेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था, जिला अस्पताल एवं मेडिकल कालेज में आवष्यक मानव संसाधन एवं आधुनिक चिकित्सकीय उपकरण, आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में नाष्ता, विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के शिक्षित सदस्यों को रोजगार, दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण व पेयजल सुविधा, पुल-पुलिया, सड़क निर्माण तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

### दिव्यांग आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



श्री बंसोड़ ने नगरीय क्षेत्र के डिंगापुर रोड में जिला खनिज न्यास मद से निर्मित सर्वसुविधायुक्त दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने दिव्यांग विद्यालय परिसर में मनोरंजन संगीत कक्ष, शिक्षण-प्रशिक्षण कक्ष, स्मार्ट क्लास रूम, बालक-बालिका शयन कक्ष, फिजियो एवं व्यायाम कक्ष, किचन, भोजन व स्वल्पाहार हॉल, पंजीयन काउंटर सहित पूरे परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में दर्ज बच्चों की सम्बंध में जानकारी लेते हुए वहां के शिक्षकों, अधीक्षिका, केयर टेकर को बच्चों की पढ़ाई एवं देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये सभी बच्चे खास है, इन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता है, आप सभी इनके विकास में व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करें। जिससे इन्हें अपने परिजनों की कमी महसूस ना हो।

# मुहीम के दूसरे दिन 11 आरोपियों से 136 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा विशेष मुहीम चलाई जा रही है। मुहीम के दूसरे दिन जिले के विभिन्न थाना चौकी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जहां आरोपियों के कब्जे से 136 लीटर महुआ शराब की खेप जप्त की गई है। मामले में पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही भी की है तो वहीं दूसरी ओर 1 किलो 200 ग्राम गांजे की खेप भी पुलिस ने जप्त की है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में जिले में अवैध शराब, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए कुल 136.34 लीटर अवैध शराब एवं 1.268 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

इन 11 प्रकरणों में कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें थाना दीपका से राजेश सारुता, थाना कोतवाली से मोहन पटेल, थाना कटघोरा से मीना चौहान, थाना कुसमुंडा से रामप्रसाद निर्मलकर, थाना सिविल लाइन रामपुर से मनोहन दास उर्फ मोनू, चौकी सीएसईबी से संदीप चौहान पिता बिहारी लाल, थाना उरगा से अजय कुमार भारद्वाज को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही चौकी राजगामार से परदेसी मंजवार, थाना कोतवाली से शिव यादव, थाना कोतवाली से राधेश्याम साहू को गिरफ्तार किया गया है एवं उनके कब्जे से 136 लीटर शराब बरामद किया गया है। साथ ही गांजा जप्ती के मामले में थाना बांकीमोंगरा से राजेश चौहान एवं सलीम अंसारी को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से 1.268 किलोग्राम गांजा, एक स्कूटी एवं एक मोबाइल फोन को पुलिस ने जप्त किया है।

### खड़े ट्रक से चोर ने की 18 हजार की चोरी

**कोरबा।** खड़ी ट्रक के एक थैले में रखे 18 हजार 900 रुपए की चोरी हो गई। चोरी हुई रकम ट्रक चालक का था जिसे वह अपने पास रखकर सो गया था। मौके का फायदा उठाकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि चिंगराजपारा बिलासपुर में रहने वाला ट्रक का चालक है। 10 अप्रैल को ट्रक क्रमांक सीजी 10 जी 1144 से यादव रोड लाईनस में बलौदाबाजार से सीमेंट फैक्ट्री से सीमेंट लोड कर 11 अप्रैल को बालकोनगर पहुंचा था। परसाभाठा के पास ट्रक खाली कराने का इंतजार कर रहा था।




# अवैध कबाड़ की बड़ी खेप जब्त, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश अवैध कबाड़ कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाय जा रहा है। इसी कड़ी में दर्री थाना में दर्ज अपराध के आरोपी की तलाश के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर थाना दर्री एवं सायबर सेल कोरबा की संयुक्त टीम ने संदेही चन्द्रा दुकान के पास, राजीव नगर निवासी योगेश सोनवानी उम्र 24 वर्ष पिता जवाहर लाल सोनवानी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान योगेश सोनवानी ने स्वीकार किया कि उसने सीएसईबी प्लांट, दर्री पश्चिम से कॉपर केबल वायर एवं अन्य सामान चोरी कर वार्ड क्रमांक 2, कसेर पारा निवासी प्रतीक कसेर उम्र 32 वर्ष पिता अशोक कसेर एवं रघु कसेर पिता कृष्णलाल कसेर को बेचा। आरोपियों ने यह भी बताया कि पुलिस से बचने के लिए चोरी का माल सक्ती जिले में डंप कर वहीं पर बेचते थे। तीनों आरोपियों के कब्जे से 270 कि.ग्रा. कॉपर वायर एवं अन्य सामान बरामद किया गया, जिसमें से 150 कि.ग्रा. जला हुआ कॉपर वायर मूल अपराध से संबंधित पाया गया, जिसे विधिसम्मत रूप से जब्त किया गया। शेष 120 कि.ग्रा. सामान (एंगल, ट्रांसफार्मर का पंजा एवं जम्फर) के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर धारा 106(1) बीएनएसएस के तहत जप्ती की गई।



आरोपी व जब्त कबाड़।



